आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 15.12.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- देहरादून में पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के 47वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन "विकसित भारत 2047" के लक्ष्य को लेकर व्यापक मंथन किया गया।
- रेलवे ने अपने पूरे ब्रॉड गेज नेटवर्क का लगभग पूर्ण विद्युतीकरण पूरा कर लिया है।
- देहरादून में यूकॉस्ट की "सेवेरल कॉम्प्लेक्स वैरिएबल्स" विषय पर पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला आज से; देश–विदेश के 60 से अधिक वैज्ञानिक, शोधार्थी और अध्यापक लेंगे हिस्सा।
- नैनीताल के नयना देवी हिमालयन बर्ड संरक्षण आरक्षित क्षेत्र में चार दिवसीय पक्षी एवं जैव–विविधता सर्वेक्षण पूरा।

---

**राष्ट्रीय सम्मेलन**

देहरादून में पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के 47वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन "विकसित भारत 2047" के लक्ष्य को लेकर व्यापक मंथन किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रभावी संवाद, मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था, जिम्मेदार मीडिया और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सबसे अहम आधार हैं। प्रशासन, मीडिया, शिक्षा और जनसंचार क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने एकमत से कहा कि नीतियों के साथ–साथ उनके सही और समय पर संप्रेषण से ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है। एक रिपोर्ट–

**सम्मेलन के पहले सत्र में स्वास्थ्य, विज्ञान और सूचना पर चर्चा हुई। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि सुलभ और मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था विकसित भारत की बुनियाद है। उन्होंने बताया कि टेलीमेडिसिन और डिजिटल हेल्थ सेवाओं से पहाड़ी और दूरस्थ क्षेत्रों तक विशेषज्ञ इलाज पहुंच रहा है। अपर सचिव, मुख्यमंत्री, बंशीधर तिवारी ने कहा कि सुशासन की सफलता प्रभावी और पारदर्शी संचार पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सफल होती हैं, जब उनकी जानकारी सही तरीके से जनता तक पहुंचे। यूकॉस्ट के महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत ने विज्ञान, नवाचार और अनुसंधान को विकसित भारत की आधारशिला बताया और विज्ञान संचार के माध्यम से शोध को समाज से जोड़ने पर जोर दिया। सत्र के दौरान मीडिया की भूमिका को लोकतंत्र और जनविश्वास के लिए अहम बताया गया।**

**आका□ावाणी समाचार, देहरादून**

---

## राष्ट्रीय सम्मेलन

दूसरे सत्र में मीडिया, शिक्षा और लोकतंत्र पर संवाद हुआ। वक्ताओं ने कहा कि सूचना का प्रभावी प्रसार शासन की सफलता की कुंजी है और डिजिटल माध्यमों से पारदर्शिता बढ़ी है। शिक्षा और मीडिया के समन्वय को समाज को जागरूक बनाने का माध्यम बताया गया। फेक न्यूज़ को डिजिटल युग की बड़ी चुनौती बताते हुए पत्रकारिता में तथ्य और विश्वसनीयता बनाए रखने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन में इसकी भूमिका लगातार बढ़ रही है।

सम्मेलन के अगले सत्रों में जीएसटी और 'वन नेशन, वन टैक्स' के प्रभाव पर चर्चा हुई। कस्टम कमिश्नर बी. सुमिदा देवी ने कहा कि जीएसटी से कर प्रणाली सरल हुई है, व्यापार की लागत घटी है और आर्थिक गतिविधियों को गति मिली है। छोटे व्यापारियों और किसानों को भी इसका लाभ मिला है। वक्ताओं ने डिजिटल युग में पब्लिक रिलेशन की चुनौतियों और अवसरों पर भी चर्चा की।

---

## विद्युतीकरण

रेलवे ने 25 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में विद्युतीकरण का 99 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया है। मंत्रालय के अनुसार 2019 से 2025 के बीच 33 हजार किलोमीटर से अधिक मार्गों का विद्युतीकरण किया गया है। यह लगभग जर्मनी के पूरे रेलवे नेटवर्क के बराबर है। यह स्वच्छ और कुशल रेल परिवहन के विस्तार में देश की क्षमता का प्रतीक है।

---

## अस्मिता खेलो इंडिया

बागेश्वर में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में अस्मिता खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत अंडर–14 और अंडर–16 बालिका वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बागनाथ फुटबॉल अकादमी मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में जिले की लगभग 150 बालिकाओं ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के दौरान दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला और चक्का फेंक स्पर्धाएं आयोजित की गईं।

इस मौके पर जिला एथलेटिक्स संघ के संरक्षक दलीप सिंह खेतवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने के साथ भविष्य के खिलाड़ियों को प्रेरित करते हैं।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्रओं बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

---

## अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला

देहरादून में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद–यूकॉस्ट द्वारा आज से "सेवेरल कॉम्प्लेक्स वैरिएबल्स" विषय पर पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में देश और विदेश से 60 से अधिक वैज्ञानिक, शोधार्थी और अध्यापक भाग लेंगे।

यूकॉस्ट के निदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने बताया कि यह कार्यशाला गणितीय विश्लेषण के एक महत्वपूर्ण और आधुनिक क्षेत्र पर केंद्रित है, जिसका संबंध ज्यामिति, आंशिक अवकल समीकरणों और गणितीय भौतिकी से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य देश–विदेश के शोधकर्ताओं और युवा वैज्ञानिकों के बीच शैक्षणिक संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना है।

कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों द्वारा मिनी–कोर्स और शोध व्याख्यान दिए जाएंगे। ये सत्र विशेष रूप से शोधार्थियों और युवा शिक्षकों के लिए उपयोगी होंगे। इसके साथ ही लोकप्रिय गणित व्याख्यानों के माध्यम से जटिल गणितीय अवधारणाओं को सरल तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा।

यह मंच ज्ञान–विनिमय, शोध सहयोग और अकादमिक नेटवर्किंग का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

---

## सर्वेक्षण पूरा

नैनीताल के नयना देवी हिमालयन बर्ड संरक्षण आरक्षित क्षेत्र में चार दिवसीय पक्षी एवं जैव–विविधता सर्वेक्षण पूरा हो गया है। 11 दिसंबर से शुरू हुए इस सर्वेक्षण में 150 से अधिक पक्षी प्रजातियों का अभिलेखन किया गया। इनमें व्हाइट कॉलर ब्लैकबर्ड, माउंटेन हॉक ईगल, फायर ब्रेस्टेड फ्लावरपेक्कर और कोकलास तीतर जैसी प्रमुख प्रजातियां शामिल हैं। इसके साथ ही लेपर्ड कैट, हिमालयन सेरो, येलो थ्रोटेड मार्टन और बाघ जैसे वन्य जीवों की उपस्थिति भी दर्ज की गई।

**यह सर्वेक्षण प्रभागीय वनाधिकारी एवं प्राणी उद्यान के निदेशक आकाश गंगवार के निर्देशन में नैनीताल वन प्रभाग और ओरियनटल ट्रेल के सहयोग से आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य क्षेत्र की पक्षी प्रजातियों और अन्य वन्य जीवों का अभिलेखीकरण करना और प्रतिभागियों, वन विभाग तथा स्थानीय गाइडों के बीच सहयोग को मजबूत करना था।**

**सर्वेक्षण में महाराष्ट्र, तेलंगाना, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और उत्तराखंड सहित नौ राज्यों से आए 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने बॉटनिकल गार्डन, किलबरी, विनायक, कुंजाखड़क, भवाली, महेशखान, चाफी और मुक्तेश्वर क्षेत्रों में कुल 40 ट्रेल्स पर सुबह और शाम दो चरणों में अवलोकन किए। इस दौरान नैनीताल वन प्रभाग के वन कर्मियों और स्थानीय गाइडों की भी सक्रिय भूमिका रही।**

**कार्यक्रम का समापन हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नारायणनगर में हुआ, जहां प्रतिभागियों के साथ संवाद और फीडबैक सत्र आयोजित किया गया।**

---

## प्रथम स्थान

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान महोत्सव की नॉर्थ जोन विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में उधम सिंह नगर जिले के खटीमा क्षेत्र स्थित स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। विद्यार्थियों ने "स्वास्थ्य एवं स्वच्छता" उपविषय पर आधारित नाटक "माहवारी एक अभिशाप" प्रस्तुत कर राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को मुख्यालय बुलाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नॉर्थ जोन विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन एक और दो दिसंबर को प्रगति मैदान स्थित नेशनल साइंस सेंटर, नई दिल्ली में हुआ था। इससे पहले नवंबर में हल्द्वानी में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव 2025 में टीम को दूसरा स्थान मिला था, जिसके बाद चयनित आठ प्रतिभागियों ने दिल्ली में यह प्रस्तुति दी। यह टीम अब जनवरी माह में कोलकाता में आयोजित होने वाली अगली प्रतियोगिता में भाग लेगी।

मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत ने कहा कि यह पहली बार है जब उधम सिंह नगर जिले को इस स्तर पर यह उपलब्धि मिली है। उन्होंने टीम को बधाई देते हुए कहा कि आगामी प्रतियोगिता में और बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरा सहयोग दिया जाएगा।

------------------------------------------------------------

**क्रिकेट**

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने धर्मशाला में तीसरे टी20 में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2–1 की बढ़त बना ली है। पहले गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी से मेहमान टीम को 117 रन पर समेटा, फिर बल्लेबाजों ने लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने दो–दो विकेट लिए।

उधर, दुबई में, अंडर–19 एशिया कप क्रिकेट में भारत ने पाकिस्तान को 90 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने पाकिस्तान को 241 रन का लक्ष्य दिया था। कनिष्क चौहान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आरोन जॉर्ज ने 85 और कप्तान आयुष म्हात्रे ने 38 रन बनाए।

------------------------------------------------------------